दिनांक 15 अगस्त, 2024

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रकाशनार्थ

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में 78वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 08:00 बजे निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ श्रीमती अदिति शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ डा0 उत्कर्ष शुक्ला एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी, प्राणि उद्यान, लखनऊ श्री दिनेश बडोला के साथ–साथ प्राणि उद्यान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा प्राणि उद्यान के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को संबोधित किया गया तथा स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें दी गयीं। उन्होंने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि हमें वन्य जीवों की सेवा अवसर प्राप्त हुआ है। हम सभी किसी न किसी रूप में देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं, जिससे हमारा देश विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से कदम आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन सके।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ